University of Technology
Serving Education Since 1976

University of Technology

FATHEPURA ROAD, POST – KUMHARIYAWAS, VATIKA, JAIPUR – 303903

Date - 17.10.2026

"आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन फार्मेसी"

यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, वाटिका, जयपुर के डिपार्टमेंट ऑफ फार्मेसी द्वारा आज दिनांक 17 अक्टूबर 2026 को "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन फार्मेसी" विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार के मुख्य अतिथि डॉ. मनीष गुप्ता, प्रोफेसर, ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी, जयपुर रहे। डॉ. गुप्ता सर ने समस्त छात्र-छात्राओं को विस्तार से समझाया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्या है, इसका फार्मेसी सहित अन्य क्षेत्रों में क्या उपयोग है और भविष्य में यह किस प्रकार उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि AI किस प्रकार ड्रग डिस्कवरी, फॉर्मूलेशन डेवलपमेंट, क्वालिटी कंट्रोल, क्लिनिकल रिसर्च और पेशेंट केयर में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय प्रो चेयरपर्सन डॉ. अंशु सुराना ने कहा कि AI एक आधुनिक तकनीक है जो कंप्यूटर और मशीनों को अधिक से अधिक डेटा एकत्र करने, प्रॉब्लम सॉल्व करने और डिसीजन मेकिंग में सहायता करती है।

विश्वविद्यालय की माननीय प्रेसिडेंट डॉ. रश्मि जैन ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भविष्य को बदलने वाली तकनीक है जो विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और फार्मासिस्ट की कार्यक्षमता व दक्षता को बढ़ाती है।

प्रो वाइस चांसलर डॉ. अंकित गांधी, रजिस्ट्रार डॉ. अनूप शर्मा एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. कमल किशोर जांगिड़ ने भी सेमिनार में उपस्थित रहकर छात्र-छात्राओं एवं फैकल्टी मेंबर्स को AI के महत्व के बारे में संबोधित किया।

कार्यक्रम में डिपार्टमेंट ऑफ फार्मेसी के प्रिंसिपल डॉ. राम गर्ग ने AI के फार्मेसी क्षेत्र में महत्व पर प्रकाश डाला।

सेमिनार को सफल बनाने में फार्मेसी कॉलेज के डॉ. गजेंद्र त्यागी, श्री अखिलेश गोयल एवं समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। सेमिनार में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं फैकल्टी मेंबर्स उपस्थित रहे।


University of Technology
vivo V70
ZEISS
23mm f/1.88 1/50s ISO799


UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
info@uot.edu.in
www.uot.edu.in
University of Technology
Serving Education Since 1974
Artificial Intelligence in Pharmacy
Fundamentals, Applications and Future Perspectives
AI
University of Technology
GPS Map Camera
Google
Ramsinghpura Watika, Rajasthan, India
3, Vatika, Ramsinghpura Watika, Rajasthan 303905, India
Lat 26.680989° Long 75.796593°
Saturday, 17/10/2026 11:26 AM GMT +05:30
Note : Captured by GPS Map Camera